an>

Title: Need to shift headquarters of Damodar Valley Corporation from Kolkata to Jharkhand.

श्री विजय कुमार हंसदाक)राजमहल:(नियम 377के माध्यम से मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहता हँ कि देश की दामोदर घाटी निगम के अधिकांश ऊर्जा संयंत्र बी.टी.पी.एस.। सी.टी.पी.एस., बी.टी.पी.एस., बी.टी.पी.एस-.II पन बिजली संयंत्र तिलैया स्थित एच.पी.एस .मैथम स्थित एच.पी.एस .पंचेत स्थित एच.पी.एस .झारखंड में स्थित है जिनकी उत्पादन क्षमता 91917मेगावाट है, दामोदर सिंचाई योजना के बनाने में हजारों की संख्या में झारखण्ड के गाँव उजड़ गए हैं एवं आज भी लाखों हेक्टयर भूमि जल से प्लावित है और लाखों की संख्या में लोग अपनी जमीन से विस्थापित हुए हैं। इस दामोदर घाटी निगम की कार्यभूमि झारखंड है। परन्तु यह बताते हुए खेद हो रहा है कि दामोदर घाटी का मुख्यालय कोलकाता में है। दामोदर घाटी निगम का मुख्यालय कोलकाता में रहने के कारण दामोदर घाटी के रखरखाव एवं समुचित कार्य करने में काफी दिक्कत होती है और झारखंड को बराबर का राजस्व नहीं मिल पा रहा है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि दामोदर घाटी निगम का मुख्यालय कोलकाता से झारखंड राज्य के किसी भी ताप एवं पन बिजली उत्पादन संयंत्र वाले जिले में स्थानान्तरित किया जाए।